## महत्वपूर्ण एवं खास

### 11 जून से फिर शुरू होगा कलेक्टर जनदर्शन

**प्रति सप्ताह मंगलवार को दोपहर 1 बजे से सृजन सभाकक्ष में होगा जनदर्शन कार्यक्रम**

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार 11 जून 2024 से कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन होगा। कलेक्टर जनदर्शन का यह कार्यक्रम प्रति सप्ताह मंगलवार को दोपहर 1 बजे से कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित होगा। जिले के जनसामान्य अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर जनदर्शन में उपस्थित हो सकते है।

### पीईटी एवं पीपीएचटी के अंतर्गत 13 जून को होगी विभिन्न विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा

**डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 13 जून 2024 को पीईटी(पीईटी 24), बीई/बी टेक, बी टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग), बी टेक (फूड टेक), बी टेक (डायरी टेक्नालॉजी), डिप्लोमा इन डायरी टेक्नालॉजी (डीडीटी)एवं पीपीएचटी (पीपीएचटी 24)-(बी फार्मेसी, डी.फार्मेसी) प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा मोबा. नं.77468-59383 को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन भुवनेवर पटेल मोबा.नं.70000-81311 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए मंगाए गए आवेदन

**11 से 25 जून तक कर सकते है आवेदन जमा**

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र गौशालापारा वार्ड क्रमांक 14 में आंगनबाड़ी सहायिका पद रिक्त होने से उक्त पद पूर्ति हेतु 11 से 25 जून 2024 तक इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन पत्र मंगाये गये है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### लूट के आरोपी दो घंटे में पकड़ाए

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** जिले के थाना बसंतपुर पुलिस ने लूट के मामले में आरोपी को दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपी से लूट का मोबाईल तथा नदगी रकम बरादम किया है है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 09-06-2024 को प्रार्थी हितेश कुमार साहू पिता स्व0 शुभलाल साहू उम्र 24 साल ग्राम जेवरतला, देवरी जिला बालोद अपने ई-रिक्शा क्रमाक सीजी 08 स् 4099 से मोहारा बायपास से होते हुए जेवरतला जा रहा था। इसी दौरान वह खंडेलवाल पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था उसी समय एक्टिवा स्कुटी क्रमांक सीजी 08 क्रं. 4964 में सवार एक महिला व एक पुरूष मिले, उक्त एक्टिवा स्कुटी को पुरूष चला रहा था, जो अपनी एक्टिवा स्कुटी कों प्रार्थी के ई रिक्शा के सामने खड़े कर प्रार्थी से जबरदस्ती मारपीट कर गाली देते हुए प्रार्थी के पेंट के जेब में रखे मोबाईल एवं नगदी 2000 रूपये को लुट कर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 294,323,392, 34 भादवि0 कायम किया तथा शिकायत के 02 घंटे के भीतर ही घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा उनसे मोबाईल एवं रकम 2000 रूपये बरामद किया गया साथ ही लूट में इस्तेमाल स्कुटी को भी जब्त कर लिया गया। मामले में पुलि ने आरोपी राजेन्द्र राजपुत पिता स्व. भगत सिंह उम्र 28 साल निवासी दुर्गा चौक, थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार किया है।

### सर्चिंग के दौरान 9 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है. सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 9 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई डीआरजी, कोबरा 205, सीआरपीएफ 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने की है. जानकारी के अनुसार, बीजापुर में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत क्षेत्र में सघन सर्चिंग किया जा रहा है. इस दौरान उसूर, नैमेड थाना क्षेत्रान्तर्गत कडेर और आवापल्ली के जंगलों में डीआरजी, कोबरा 205, सीआरपीएफ 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने 09 माओवादियों मिलिशिया को गिरफ्तार किया गया. पकड़े गए माओवादी लंबे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत थे. पकड़े गए 09 माओवादी क्षेत्र में मार्ग अवरुद्ध करने, प्लांट करने, शासन विरोधी पम्पलेट, बैनर लगाने, हत्या, आगजनी जैसे घटना में शामिल है. सभी के विरुद्ध थाना उसूर और नैमेड में वैधानिक कार्रवाई के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है.

# शत-प्रतिशत लोगों का बनाएं आयुष्मान कार्ड, प्रगति की होगी नियमित समीक्षा -सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव

**❑ प्रधानमंत्री आवास के सभी अपूर्ण कार्यों को बारिश से पूर्व करें पूर्ण**

**रायगढ़**



सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के सभाकक्ष में सभी सचिव ग्राम पंचायत, सभी तकनीकी सहायक नरेगा, स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाईजर, बीपीएम, बीएमओ, समस्त एडीओ, पीओ नरेगा की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की प्रगति एवं आयुष्मान कार्ड के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

सीईओ जिला पंचायत यादव ने सर्वप्रथम आयुष्मान कार्ड के प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाईजरों द्वारा किए गए कार्य की जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड के धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी सुपरवाईजरों को लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में मोबाईल के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने तथा जिनके आधार अपडेट के कारण आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे है ऐसे आधार कार्ड को अपडेट कराकर आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आधार कार्ड के प्रगति हेतु राशन वितरण दिवस पर ग्रामवासियों से आयुष्मान कार्ड बनवाने के संबंध में जागरूक करते हुए उन्हें जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के कम प्रगति वाले ग्राम पंचायतों का वीसी के माध्यम से नियमित समीक्षा की जाएगी।

सीईओ जिला पंचायत यादव ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के संबंध में समीक्षा करते हुए अपूर्ण सभी आवासों को बारिश से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन के तहत स्वीकृत आवासों को पूर्ण करने तथा लैलूंगा की भांति धरमजयगढ़ में भी सामूहिक गृह प्रवेश की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 19 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय में पारंगत हितग्राहियों का पंजीयन करवाने तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों को इस योजना का लाभ प्राथमिकता से प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। सीईओ जिला पंचायत यादव ने टैक्स वसूली के संबंध में चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में लगे मोबाइल टावरों से ग्राम पंचायत अधिनियम के तहत टैक्स वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बड़े बाजारों से यूपीआई के माध्यम से बाजार शुल्क वसूली के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत यादव ने ग्राम पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायकों को महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में हितग्राही मूलक कार्यों के सृजन की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायत ग्रामवार हितग्राही मूलक कार्यों की कार्ययोजना बनाकर आगामी दिसम्बर तक स्वीकृति ले लिया जाए। उन्होंने कहा कि नरेगा के कार्य में पंचायतवार कार्यों के साथ ही नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृत किए जायेंगे। एनआरएलएम के अंतर्गत लोकोस तथा लखपति दीदी की एन्ट्री हेतु बिहान शाखा को निर्देशित किया। इस दौरान डीएमएफ एवं अन्य मद के द्वारा निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए आंगनबाड़ी के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**ग्राम पंचायतों में बनेंगे लाईब्रेरी, कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश**

सीईओ जिला पंचायत यादव ने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में लाईब्रेरी का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतवार राशि प्रदान किए जायेंगे। जिसमें पंचायत ग्रामीणों के मांग एवं रूचि अनुसार पुस्तक की खरीदी कर सकते है। जिसके लिए उन्होंने कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया।

**पालीथीन मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में करें कार्य**

सीईओ जिला पंचायत यादव ने स्वच्छ भारत ग्रामीण के संबंध में ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई रखने तथा पालीथीन मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में हाऊस होल्ड टायलेट बनाने एवं सोख्ता गड्डा के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय कार्यक्रम व मातृ-मृत्यु के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यक्रम व मातृ-मृत्यु के संबंध में समस्त सेक्टर चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला नोडल अधिकारी डॉ.बी. पी.पटेल, आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मृत गर्भवती महिलाओं की किन कारणों व किस कमी की वजह से इनकी मृत्यु हुई इनके बारें में गहनता से बिंदुवार समीक्षा की गई। हाई रिस्क गर्भवती माताओं की लाइन लिस्टिंग कर प्रसव होने तथा पश्चात तक फालोअप करने के लिये विशेष रूप से कहा गया साथ ही गर्भवती महिलाओं का एनीमिक होना व एनीमिक पाये जाने पर उनका सही ढ़ंग से फालोअप लेना जैसे-आयरन व कैल्शियम की दवा का फालोअप करना, सही ढ़ंग से प्रत्येक एएनसी जांच पर उनका हीमोग्लोबिन, बी.पी, यूरिन शूगर, यूरिन एल्बुमिन की जांच का सही रिपोर्टिंग करना, सही वजन लेना, जिस महिला का हाई रिस्क हो तो उनका समय-समय पर ध्यान देना, उनके प्रसव से संबंधित पुराने रिकार्ड की समीक्षा करते हुए उनकी जांच पर विशेष ध्यान देने तथा मितानिन एएनएम, द्वारा गृह भेंट, घर में जाकर उनके स्वास्थ्य के बारें में विस्तृत जानकारी लेने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास के साथ संयुक्त रूप से बैठक संपादित की गई। जिसमें गंभीर कुपोषित बच्चों को शिशु विशेषज्ञ की सहायता से बच्चों का चिंहाकन कर एनआरसी सेंटर में रेफर करने के निर्देश दिए गए एवं आयुष्मान कार्ड सभी के लिये बनाने हेतु कहा गया। साथ ही डेंगू टीकाकरण के विषय पर भी चर्चा की गई।

## आगामी जुलाई माह से सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से होगा कोषालय एवं उप कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतीकरण

**रायगढ़**

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि आगामी माह जुलाई 2024 से कोषालय एवं उप कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से किया जाएगा। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (सेल्फ डीडीओ को छोड़कर) के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने हेतु समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक सामग्री उपलब्ध हो। साथ ही साथ वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी)भी आवश्यक होगा। कोषालय एवं उप कोषालयों में देयक प्रस्तुत करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी।

आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष सॉफ्टवेयर में ई-पेरोल तथा ई-बिल मॉड्यूल में ऑनलाईन माध्यम से देयक तैयार किए जायेंगे तथा डीएससी का उपयोग करने के बाद देयकों को कोषालय को अग्रेषित किया जाएगा। ई-पेरोल में सिस्टम से जनरेटेड होने वाले शेड्यूल में प्रत्येक में डीएससी तथा ई-बिल में एक डीएससी आवश्यक होगा। यदि पे-बिल के साथ कोई डॉक्यूमेंट अपलोड किया जाना है, तो साइन्ड डाक्यूमेंट पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड किया जाएगा, जिसमें डीएससी आवश्यक नहीं होगा।

ई-पेरोल के अलावा अन्य सभी देयकों हेतु देयक में एक डीएससी तथा सभी संलग्नक उप प्रमाणक को स्कैनिंग कर अपलोड किया जाना होगा। इसमें डीएससी अनिवार्य नहीं होगा। यदि एक फाईल का साईज 5 एमबी से अधिक है तो फाईल साईज को कम्प्रेस कर अपलोड किया जाना होगा, कम्प्रेस करने हेतु ऑनलाईन उपलब्ध किसी सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा सकता है अथवा देयकों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है। सभी अटेचमेंट पीडीएफ फार्मेट में ही अपलोड किया जाना आवश्यक होगा।

देयकों को तैयार करने हेतु मेकर (बिल क्लर्क)स्तर पर चेकर (डीडीओ) स्तर रखा गया है, जिसमें मेकर (बिल क्लर्क)द्वारा देयक तैयार कर चेक लिस्ट का परीक्षण किया जाएगा तथा चेकर (डीडीओ)द्वारा बीटीआर नं.बिल का परीक्षण तथा डीएससी किया जाएगा। कोषालय अधिकारी द्वारा संबंधित डीडीओ हेतु ऑनलाईन बीटीआर नंबर जारी किया जाएगा, इसी नंबर अनुसार देयक कोषालय में अग्रेषित किए जायेंगे। सभी डीडीओ द्वारा ऑनलाईन देयक की एक हार्डकापी निकालकर कार्यालय स्तर पर संधारित की जाएगी।

## किंकारी सिंचाई जलाशय में मछली पालन के लीज हेतु आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



मछली पालन विभाग द्वारा जिले के बरमकेला ब्लॉक में स्थित किंकारी सिंचाई जलाशय के औसत जलक्षेत्र 208 हेक्टेयर को दस वर्षीय लीज पर दिया जाना है, जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छिंद प्रक्षेत्र) में कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जलाशय आवंटन की प्राथमिकरण क्रम है, जिसके पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति (सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह), मछुआ स्व सहायता समूह (सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह), मछुआ व्यक्ति, महिला स्व सहायता समूह, ऐसा मछुआ व्यक्ति, मत्स्य कृषक, बेरोजगार युवा, मछली पालन में डिप्लोमा हो। ऐसे क्षेत्र जहां वर्ष 1965 या उसके पश्चात् मकान भूमि आदि डूब में आने के कारण कोई परिवार विस्थापित हो गए हो उनके समूह, समिति को संबधित जलक्षेत्र में पट्टे पर दिये जाने की प्राथमिकता दी जायेगी।

किंकारी सिंचाई जलाशय को लीज में लेने हेतु प्राथमिकता अनुसार पंजीकृत समितियों को अपने आवेदन के साथ साथ समिति का प्रस्ताव, समिति का पंजीयन प्रमाण पत्र, सदस्यों की सूची, बायलॉज सूची, समिति का प्रस्ताव ठहराव व विगत 2 वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। मछुआ समूह, स्व सहायता समूहों को आवेदन के साथ समूह का प्रस्ताव ठहराव, गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र, जाति निवास प्रमाण पत्र एवं बैंको से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र। आवेदन प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छिन्द प्रक्षेत्र) में कार्यालयीन दिवस, अवधि में जमा कर सकते हैं। अपूर्ण आवेदन एवं विलंब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## गिरौदपुरी धाम के जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ की होगी न्यायिक जांच- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**रायपुर (आरएनएस)।** सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों एवं प्रतिनिधियों की मांग पर गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोडफ़ोड़ पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस पूरे मामले के लिए न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है। उन्होंने दो टूक कहा की प्रदेश में कही भी सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे वाली घटनाओं को बर्दाश्त नही की जाएगी ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से सामाजिक सौहाद्र्र बनाए रखने की अपील भी की है। गौरतलब है की विगत दिनों 15-16 मई रात को पूज्य जैतखांभ को क्षति पहुंचाने की कोशिश की गई थी।

## छत्तीसगढ़ आ गया मानसून : सुकमा के रास्ते समय से पहले पहुंचा

**रायपुर । आरएनएस**



दक्षिण पश्चिम मानसून की छत्तीगसढ़ में इंट्री हो गई है। सुकमा के रास्ते मानसून छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश कर गया है। इधर, प्रदेश के कुछ हिस्सों में प्री मानसून गतीविधियां बढ़ गई है।

दक्षिण पश्चिम मानसून यानी तेज गर्मी से राहत देने वाला। इसी वजह से मई के खत्?म होने के साथ ही लोग मानसून के आगम का दिन गिनने लगते हैं। मानसून का छत्तीसगढ़ पहुंचने का निर्धारित समय 10 जून है। बीते कुछ वर्षों से मानसून इसी तारीख के आसपास छत्तीसगढ़ पहुंच रहा है। यहां बस्तर के रास्ते मानसून की इंट्री होती है। इस बार मानसून अपने निर्धारित समय से 2 दिन पहले यानी 8 जून को ही राज्य की सीमा में प्रवेश कर गया है।

मौसम विभाग के अनुसार मानसून सुकमा के रास्ते छत्तीसगढ़ पहुंच गया है। सप्ताहभर के भीतर यह पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार सामान्यत: 10 से 15 जून के बीच मानसून रायपुर समेत राज्य के बड़े हिस्से में सक्रिय होत जाता है, जबकि 20 जून के आसपास पूरे राज्य में सक्रिय हो जाता है। इस बार मानसून के दौरान अच्छी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने दी चेतावनी मौसम विभाग ने राज्य के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। इस दौरान राज्य में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

## नक्सलियों पर भारी सुरक्षा बल : 5 महीने में हुए 71 मुठभेड़ में मारे गए 123 नक्सली, 136 हथियार हुए जब्त

**रायपुर । आरएनएस**



बस्तर पुलिस के लिए यह साल काफी अच्छा जा रहा है इन 5 महीनों के अंतराल में पुलिस और नक्सलियों के बीच 71 बार मुठभेड़ हुआ, जिसमें पुलिस टीम हर बार नक्सलियों के ऊपर भारी पड़ी है जिसका नतीजा यह है कि पुलिस ने इन 5 माह में 123 नक्सलियों को मार गिराने में सफलता हासिल किया है, जबकि 136 के लगभग हथियार जब्त किया गया है.इन सभी बातों को बस्तर रेंज आईजी पी सुंदरराज ने पत्रवार्ता के दौरान जानकारी दी।

आईजी सुंदरराज पी ने आगे बताया कि 6 जून को जिला नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बस्तर एवं कोन्डागांव के सीमावर्ती क्षेत्र में पूर्वी बस्तर डिवीजन के नक्सली कैडर एवं क्करुत्र् कंपनी नंबर 6 के नक्सली कैडरों की सूचना पर टीम भेजा गया था. 7 जून की दोपहर भटबेड़ा- बट्टेकाल और छोटेटोंडेबेड़ा के जंगल में नक्सलियों द्वारा जवानों के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग किया गया।

**जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने की फायरिंग-** इसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस पार्टी द्वारा फायरिंग करने लगे, रूक-रूक कर अलग-अलग टीमों के साथ दिन भर मुठभेड़ हुआ, खुद को घिरता देखकर नक्सली जान बचाकर घने जंगलों व पहाडिय़ों की आड़ लेकर भाग निकले. फायरिंग बंद होने पर सभी टीमों द्वारा अपने-अपने दिए गए क्षेत्र में सर्चिंग करने पर घटनास्थल से अलग-अलग स्थानों से कुल 6 वर्दीधारी नक्सलियों का शव तथा शव के पास से दो 303 रायफल, (1 मैग्जीन 4 राउंड चार्जर सहित 10 कुल 14 ) 1 नग 315 बोर रायफल, 1 नग बीजीएल लांचर, 3 नग 12 बोर रायफल तथा 10 नग बीजीएल सेल बरामद किया गया।

इसके अलावा 12 बोर का पोच 2 नग, तथा एसएलआर मैग्जीन 1 ,एसएलआर राउण्ड 2 नग, जिंदा कुकर बम लगभग डेढ किलो वजनी 100 मीटर वायर सहित , 5 नग पि_बैग, मल्टीमीटर 1 नग, प्लास्टिक विस्फोटक एवं भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ, दवाईयां सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामान बरामद हुआ, घटना स्थल में और भी खून के धब्बे दिखाई दिया, इस मुठभेड़ में बडी संख्या में अन्य नक्सलियों के घायल अथवा मारे जाने की संभावना जताई गई है।

**मारे गये नक्सलियों के नाम-** मसिया उर्फ मेसिया मंडावी 32 वर्ष, निवासी मरकागुड़ेम, थाना किस्टाराम, जिला सुकमा जो पीएलजीए कंपनी नं. 6 / स्नाईपर टीम कमाण्डर एवं प्लाटून नं. 2 सेक्शन 'ए' कमांडर(पीपीसीएम) थी, जिस पर 8 लाख रुपये का इनाम था. रमेश कोर्राम उर्फ बोंजा 29 वर्ष निवासी तोयर थाना मारडूम हाल मंदोड़ा करलाभाट थाना छोटेडोंगर, जिला नारायणपुर पीएलजीए कंपनी नं. 6 डिप्टी कमाण्डर,पूर्व बस्तर डिवीजन पर 8 लाख रुपये का इनाम था.

सन्नी उर्फ संुदरी निवासी वट्टेकाल दक्षिण बस्तर,पीएलजीए कंपनी नं. 06 (पार्टी सदस्य), पूर्व बस्तर डिवीजन पर 8 लाख का इनाम था. सजन्ती पोयाम निवासी वट्टेकाल दक्षिण बस्तर पीएलजीए कंपनी नं. 6 सदस्य, पूर्व बस्तर डिवीजन पर 8 लाख का इनाम था. जयलाल सलाम उर्फ सैता निवासी छोटे फरसगांव, थाना फरसगांव, जिला नारायणपुर एसीएम बयानार एरिया कमेटी पर 5 लाख का इनाम था. जननी उर्फ जन्नी 28 वर्ष, निवासी आदेरबेड़ा,थाना ओरछा, जिला नारायणपुर आदेरबेड़ा आरपीसी सीएनएम कमांडर पर 1 लाख का इनाम था।

**ये जवान हुए मुठभेड़ में घायल-** एएसआई कचरू राम कोर्राम 45 वर्ष, आरक्षक मंगलू राम कुमेटी 47 वर्ष, आरक्षक भारत सिंह धरल 23 वर्ष, मुठभेड़ के दौरान जिला नारायणपुर के 3 ष्ठक्रत्र जवान घायल हुए है, जिन्हें उचित उपचार के लिए रायपुर एयरलिफ्ट के माध्यम से भेजा गया, अभी घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है।

**5 माह के है ये आंकड़े.-** बस्तर रेंज आईजी सुन्दरराज पी द्वारा बताया गया कि बस्तर संभाग में 5 माह में कुल 71 मुठभेड़ हुये तथा 123 नक्सलियों के शव एवं 136 हथियार बरामद की गई, इसी प्रकार 5 माह में अब तक 399 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480